# RRB

## रेलवे भर्ती बोर्ड

# सामान्य विज्ञान

**For RRB ALP, Technician, NTPC Stage 1 & 2, Group D Level 1 and JE Exams**

## भौतिक विज्ञान ◆ रसायन विज्ञान ◆ जीव विज्ञान



**थ्योरी**
अध्यायवार थ्योरी एवं अभ्यास प्रश्न

**3000+**
प्रैक्टिस एवं विगत वर्षों के प्रश्न

**3000+**
महत्वपूर्ण तथ्य

**PYQs**
विगत वर्षों के RRB ALP/NTPC/Group D/JE प्रश्न (2018 और 2021)

**दैनिक जीवन**
दैनिक विज्ञान

# विषय सूची


**भाग A – भौतिक विज्ञान** **1-77**

1. भौतिक राशियाँ एवं मात्रक ........ 1-5
2. बल एवं गति ........ 6-16
3. कार्य, ऊर्जा एवं शक्ति ........ 17-24
4. ध्वनि ........ 25-29
5. दाब एवं तरल के गुण ........ 30-33
6. ऊष्मा और उष्मागतिकी ........ 34-38
7. प्रकाश ........ 39-55
8. विद्युत-धारा ........ 56-72
9. रेडियोधर्मिता ........ 73-77

**भाग B – रसायन विज्ञान** **78-142**

1. पदार्थ, परमाणु और अणु ........ 78-94
2. धातु एवं अधातु ........ 95-105
3. अम्ल, क्षार एवं लवण ........ 106-115
4. कार्बनिक रसायन ........ 116-126
5. तत्वों का आवर्त वर्गीकरण ........ 127-136
6. दैनिक जीवन में रसायन विज्ञान ........ 137-142

**भाग C – जीव विज्ञान** **143-228**

1. कोशिका एवं ऊतक ........ 143-156
2. भोजन के अवयव ........ 157-163
3. पादपों में पोषण ........ 164-171
4. मानव रोग ........ 172-178

**5.** श्वसन तंत्र एवं प्रजनन तंत्र ........ 179-186
**6.** पौधों में प्रजनन ........ 187-192
**7.** संवेदी अंग ........ 193-196
**8.** मानव कंकाल ........ 197-201
**9.** मानव पाचन तंत्र ........ 202-206
**10.** मानव रक्त एवं रक्त परिसंचरण तंत्र ........ 207-212
**11.** तंत्रिका तंत्र एवं उत्सर्जन तंत्र ........ 213-220
**12.** अंत: स्रावी तंत्र ........ 221-225
**13.** पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र ........ 226-228

**दैनिक विज्ञान** **229–234**

भाग A – भौतिक विज्ञान

अध्याय

1

# भौतिक राशियाँ एवं मात्रक

## मात्रक/इकाई/Unit

किसी भी राशि की माप के लिए उसी राशि के एक परिमाण को मानक मान लिया जाता है और उसे कोई नाम दिया जाता है, इसी को उस राशि का मात्रक कहते है।

**मात्रक की पद्धतियाँ–**

(i) MKS पद्धति (ii) CGS पद्धति

(iii) FPS पद्धति (iv) SI पद्धति

**(i) MKS पद्धति –**

**वह** पद्धति जिसमें लंबाई/दूरी को मीटर (*m*) में, द्रव्यमान को किलोग्राम (*Kg*) में तथा समय को सेकण्ड (*s*) में मापा जाता है 'MKS पद्धति' कहलाती है।

**(ii) CGS पद्धति–**

- CGS पद्धति में लंबाई/दूरी को सेन्टीमीटर (*cm*), द्रव्यमान को ग्राम (gm) तथा समय को सेकण्ड (*s*) में मापा जाता है।
- CGS पद्धति को 'फ्रांसीसी पद्धति' या 'मीट्रिक पद्धति' भी कहा जाता है।

**(iii) FPS पद्धति–**

- FPS पद्धति को **'ब्रिटिश प्रणाली'** भी कहा जाता है।
- FPS पद्धति में लंबाई/दूरी को फुट (*f*) में, द्रव्यमान को पाउण्ड (*p*) में तथा समय को सेकण्ड (*s*) में मापा जाता है।

**(iv) SI पद्धति –**

- SI पद्धति MKS पद्धति का ही संशोधित एवं परिवर्धित रूप है।
- यह मात्रकों की अन्तर्राष्ट्रीय पद्धति है।

SI के दो सम्पूरक मात्रक निम्न है:

(1) **रेडियन:** किसी वृत्त की त्रिज्या के बराबर लम्बाई के चाप द्वारा उसके केन्द्र पर बनाया गया कोण एक रेडियन होता है।

(2) **स्टेरेडियन:** किसी गोले की सतह पर उसकी त्रिज्या के बराबर भुजा वाले वर्गाकार क्षेत्रफल द्वारा गोले के केन्द्र पर बनाए गए घण कोण को 1 स्टेरेडियन कहते है।

**मूल मात्रक–**

- मूल राशियों को व्यक्त करने वाले मात्रक, मूल मात्रक कहलाते हैं,

जैसे–

दूरी – मीटर (m)

द्रव्यमान – कि.ग्रा. (kg)

समय – सेकण्ड (s)

**S.I. पद्धति के अनुसार 7 मूल मात्रक माने गए हैं–**

| क्रम संख्या | मूल राशि | मूल मात्रक | संकेत |
|---|---|---|---|
| 1. | लंबाई/दूरी | मीटर | m |
| 2. | समय | सेकण्ड | s |
| 3. | द्रव्यमान | किलोग्राम | kg |
| 4. | विद्युत धारा | एम्पीयर | A |
| 5. | ताप | केल्विन | k |
| 6. | ज्योति तीव्रता | कैण्डेला | cd |
| 7. | पदार्थ की मात्रा | मोल | mol |

**मात्रक पद्धतियाँ–**

| | MKS पद्धति | CGS पद्धति | FPS पद्धति |
|---|---|---|---|
| **लंबाई** | मीटर | सेन्टीमीटर | फुट |
| **द्रव्यमान** | किलोग्राम | ग्राम | पाउण्ड |
| **समय** | सेकण्ड | सेकण्ड | सेकण्ड |

| विद्युत और चुंबकीय SI इकाइयाँ | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **प्रतीक** | **मात्रा का नाम** | **व्युत्पन्न इकाइयाँ** | **इकाई** | **समीकरण** |
| U | वोल्टेज | वोल्ट | V | |
| Q | चुम्बकीय वाहक बल | एम्पीयर | A | Q = I*N |
| I | विद्युत प्रवाह | एम्पीयर | A | |
| F | चुंबकीय प्रवाह | वेबर | Wb (Vs) | |
| J | विद्युत धारा घनत्व | एम्पीयर/वर्ग मीटर | A/m2 | |
| B | चुंबकीय क्षेत्र घनत्व | टेस्ला | T | B = F/A |
| s | विद्युत चालकता | सीमेंस/मीटर | S/m | |
| H | भेद्यता | हेनरी/मीटर | H/m | μ = μ0 * μr |
| R | विद्युत प्रतिरोध | ओम | 1Ú2 | |
| Rm | विद्युत अधिष्ठापन | एम्पीयर/वेबर | A/Wb | Rm = l/(μ*A) |
| G | विद्युत चालकता | सीमेंस | S | K = 1/R |
| L | चुंबकीय पारगम्यता | वेबर/एम्पियर | Wb/A | L = 1/Rm |
| L | प्रेरकत्व | हेनरी | H | |
| C | धारिता | फैरड | F | |
| P | वास्तविक शक्ति | वाट | W | |
| S | मिश्रित शक्ति | वाल्ट–एम्पीयर | VA | |
| Q | प्रतिक्रियाशील ऊर्जा | वोल्टाम्पेयर / रिएक्टिव | var | |
| E | विद्युत क्षेत्र | वोल्ट/मीटर | V/m | |
| Q | विद्युत आवेश | कूलॉम | C | |
| D | विद्युत विस्थापन क्षेत्र | कूलॉम / वर्ग मीटर | $C/m^2$ | |

| SI परिभाषित स्थिरांक | | |
|---|---|---|
| संकेत | परिभाषित स्थिरांक | शुद्ध मान |
| C | प्रकाश की गति | 299792458 मी./से. |
| h | प्लैंक स्थिरांक | $6.62607015\times10^{-34}$ जूल सेकेंड |
| e | मूल आवेश | $1.602176634\times10^{-19}$ सेल्सियस |
| k | बोल्ट्जमान स्थिरांक | $1.380649\times10^{-23}$ जूल/के. |
| NA | आवोगाद्रो नियतांक | $6.02214076\times1023$ मोल$^{-1}$ |
| Kcd | 540 THz विकिरण की दीप्त दक्षता | 683 ल्यूमेन/वाट |

**प्रकाश वर्ष–**

- प्रकाश द्वारा 1 वर्ष में तय की गई दूरी 1 प्रकाश वर्ष कहलाती है।
- प्रकाश वर्ष दूरी का मात्रक है।
- 1 प्रकाश वर्ष = $9.46 \times 10^{15}$ मीटर

**पारसेक–**

- दूरी मापने की सबसे बड़ी इकाई पारसेक है।
- पारसेक की सहायता से खगोलीय पिण्डों के मध्य दूरी ज्ञात की जाती है।
- 1 पारसेक = 3.26 प्रकाश वर्ष, 1 पारसेक = $3 \times 10^{16}$ मीटर

**नोट–**

- समतल कोण एवं घनकोण के मात्रक पूरक मात्रक माने गए हैं।
- समतल कोण का मात्रक रेडियन है जबकि घनकोण का मात्रक स्टेरेडियन है।

**लंबाई के लिए माप की इकाइयाँ**

| प्रणाली | माप की इकाइयां | परिवर्तन |
|---|---|---|
| शाही इकाइयां | फुट (Foot) | 1 फुट = 12 इंच |
| | इंच (Inch) | 1 इंच = 0.83333 फीट |
| | मील | 1 मील = 5280 फीट |
| | यार्ड | 1 गज = 3 फीट = 36 इंच |
| मीट्रिक इकाइयां | सेंटीमीटर (सेमी) | 1 सेमी = 10 मिमी |
| | मीटर (मी) | 1 मीटर = 100 सेमी |
| | किलोमीटर (किमी) | 1 किमी = 1000 मीटर |
| | मिलीमीटर (मिमी) | 1 मिमी = 0.001 मीटर |

## द्रव्यमान की माप

द्रव्यमान की माप विज्ञान और हमारे दैनिक जीवन में एक मौलिक अवधारणा है। यहां द्रव्यमान मापने के लिए उपयोग किए जाने वाले कुछ उपकरण और उनके वास्तविक जीवन में उपयोग दिये गये हैं:

### 1. संतुलन (Balance):

संतुलन एक ऐसा उपकरण है जो ज्ञात द्रव्यमान के साथ एक वस्तु को संतुलित करके द्रव्यमान मापता है। संतुलन का एक सामान्य प्रकार बीम संतुलन है, जहां आप वस्तु को बीम के एक तरफ रखते हैं और ज्ञात द्रव्यमान को दूसरी तरफ तब तक जोड़ते हैं जब तक कि बीम समतल न हो जाए। प्रयोगशालाओं में सटीक माप के लिए संतुलन का अक्सर उपयोग किया जाता है।

### 2. इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन (Electronic Weighing Machine):

इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन एक वस्तु के वजन को मापती है और इसे द्रव्यमान में परिवर्तित करती है। इन्हें विभिन्न स्थानों पर सामान्यत: उपयोग किया जाता है, जैसे आपके घर में बाथरूम स्केल, किराने की दुकान में वजन स्केल, या पोस्ट ऑफिस में डाक स्केल।

### 3. स्प्रिंग स्केल (Spring Scale):

स्प्रिंग स्केल वजन (गुरुत्वाकर्षण के कारण किसी वस्तु पर लगने वाला बल) को मापता है, जिसे गुरुत्वाकर्षण के त्वरण को जानते हुए द्रव्यमान में परिवर्तित किया जा सकता है। इनका अक्सर भौतिकी कक्षाओं में उपयोग किया जाता है।

**द्रव्यमान के लिए माप की इकाइयाँ**

| प्रणाली | माप की इकाइयां | परिवर्तन |
|---|---|---|
| शाही इकाइयां | औंस (Ounce) | 1 औंस = 0.0625 पौंड |
| | पाउंड | 1 पौंड = 16 औंस |
| | टन | 1 टन = 2000 पाउंड |
| मीट्रिक इकाइयां | मिलीग्राम (मि.ग्रा.) | 1 मिलीग्राम = 0.001 ग्राम |
| | ग्राम (ग्रा.) | 1 ग्राम = 1000 मिलीग्राम |
| | किलोग्राम (किग्रा) | 1 किग्रा = 1000 ग्राम |

**आयतन के लिए माप की इकाइयाँ**

| प्रणाली | माप की इकाइयां | परिवर्तन |
|---|---|---|
| शाही इकाइयां | द्रव औंस (फ्लोर औंस) | 1 फ्लू. औंस. = 1/20 पीटी |
| | गैलन (गैलन) | 1 गैलन = 128 फ्लू. औंस. |
| | पिंट (पीटी) | 1 पीटी = 16 फ्लू. औंस. |
| मीट्रिक इकाइयां | मिलीलीटर (ml) | 1 मी = 0.001 लीटर |
| | लीटर (एल) | 1 लीटर = 1000 मिली |
| | किलोलीटर (केएल) | 1 किलोलीटर = 1000 लीटर |
| | घन सेंटीमीटर (सेमी$^3$) | 1 एल = 1000 सेमी$^3$ |

**तापमान के लिए माप की इकाइयाँ**

| माप की इकाइयां | परिवर्तन |
|---|---|
| सेल्सियस (C) | 0°C ¾ 273.15 K = 32°F |
| केल्विन (K) | 0 के = –273.15°C = –459.57°F |
| फारेनहाइट (F) | 0°F = –17.778°C = 255.372 K |

**समय मापने की इकाइयाँ**

| इकाई | विवरण | समतुल्य |
|---|---|---|
| सेकंड (s) | SI प्रणाली में समय की आधार इकाई | |
| मिनट (min) | कम अवधि के समय के लिए सामान्यत: उपयोग किया जाता है | 1 मिनट = 60 सेकंड |
| घंटा (h) | लंबी अवधि के समय के लिए उपयोग किया जाता है | 1 घंटा = 60 मिनट |

| इकाई | विवरण | समतुल्य |
|---|---|---|
| दिन (d) | एक मध्यरात्रि से अगले मध्यरात्रि तक समय को मापने के लिए उपयोग किया जाता है | 1 दिन = 24 घंटे |
| सप्ताह (wk) | एक मानक कार्य सप्ताह को मापने के लिए उपयोग किया जाता है | 1 सप्ताह = 7 दिन |
| वर्ष (yr) | लंबी अवधि के समय को मापने के लिए उपयोग किया जाता है | 1 वर्ष ≈ 365.25 दिन |
| मिलीसेकंड (ms) | बहुत कम अवधि के समय के लिए उपयोग किया जाता है | 1 सेकंड = 1,000 मिलीसेकंड |
| माइक्रोसेकंड (μs) | अत्यंत कम अवधि के समय के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान में उपयोग किया जाता है | 1 मिलीसेकंड = 1,000 माइक्रोसेकंड |
| नैनोसेकंड (ns) | कंप्यूटिंग और दूरसंचार में उपयोग किया जाता है | 1 माइक्रोसेकंड = 1,000 नैनोसेकंड |
| पिकोसेकंड (ps) | क्वांटम भौतिकी और रसायन विज्ञान में उपयोग किया जाता है | 1 नैनोसेकंड = 1,000 पिकोसेकंड |
| फेमटोसेकंड (fs) | अल्ट्राफास्ट विज्ञान में उपयोग किया जाता है, जिसमें फेमटोकेमिस्ट्री शामिल है | 1 पिकोसेकंड = 1,000 फेमटोसेकंड |
| एट्टोसेकंड (as) | फोटोनिक्स और इलेक्ट्रॉन गतिशीलता के अध्ययन में उपयोग किया जाता है | 1 फेमटोसेकंड = 1,000 एट्टोसेकंड |

**मापन चार्ट की इकाइयाँ**

| मात्रा | माप की इकाइयां |
|---|---|
| लंबाई | मीटर, किलोमीटर, सेंटीमीटर, मिलीमीटर, फीट, यार्ड, इंच, मील |
| द्रव्यमान | ग्राम, मिलीग्राम, किलोग्राम, औंस, पाउंड, टन |
| आयतन | लीटर, मिलीलीटर, किलोलीटर, गैलन, पिंट, द्रव औंस |
| समय | दूसरा, मिनट, घंटा, दिन, महीना, सप्ताह, वर्ष |
| तापमान | केल्विन, सेल्सियस, फारेनहाइट |

## कुछ व्यावहारिक इकाइयाँ: लंबाई, द्रव्यमान और समय

| लंबाई | द्रव्यमान | समय |
|---|---|---|
| प्रकाश वर्ष = प्रकाश द्वारा एक वर्ष में निर्वात में तय की गई दूरी | 1 क्विंटल = $10^2$ किलोग्राम | 1 सौर दिन = 86400 सेकंड |
| 1 प्रकाश वर्ष = $9.46 \times 10^{15}$ मी. | 1 मीट्रिक टन = $10^3$ किलोग्राम | 1 वर्ष = 365½ सौर दिन |
| 1 खगोलीय इकाई (A.U.) = $1.5 \times 10^{11}$ मी. | 1 परमाणु द्रव्यमान इकाई (उन) या डाल्टन = $1.66 \times 10^{-27}$ किलोग्राम | 1 चंद्र मास = 27.3 सौर दिन |
| 1 पार्सेक = 3.26 प्रकाश वर्ष | 1 स्लग = 14.59 किलोग्राम | उष्णकटिबंधीय वर्ष = यह वह वर्ष है जिसमें पूर्ण सौर ग्रहण होता है |
| 1 पार्सेक = $3.08 \times 10^{16}$ मी. | 1 पाउंड = 0.4537 किलोग्राम | अधिवर्ष = वह वर्ष जिसमें फरवरी महीना 29 दिनों का होता है |
| 1 समुद्री मील = 6020 फुट | 1 चंद्रशेखर सीमा = सूर्य का द्रव्यमान का 1.4 गुना = $2.8 \times 10^{30}$ किलोग्राम | |
| 1 माइक्रोन = $10^{-6}$ मी. | | |
| 1 एंगस्ट्रॉम (Å) = $10^{-10}$ मी. | | |
| 1 फुट (1′) = 0.305 मी. | | |
| 1 इंच (1″) = 0.025 मी. | | |

## भौतिक राशि

- वह राशि जिसे मापा जा सके तथा जिसके माप को संख्या द्वारा व्यक्त किया जा सके 'भौतिक राशि' कहलाती है।

  जैस- द्रव्यमान, लंबाई, समय आदि।

**परिमाण एवं दिशा के आधार पर भौतिक राशियाँ दो प्रकार की होती हैं-**

**(i) सदिश राशियाँ (Vector Quantity)**

- वे राशियाँ जिन्हें निरूपित करने के लिए दिशा एवं परिमाण दोनों की आवश्यकता होती हैं **'सदिश राशियाँ'** कहलाती हैं।

  जैसे- बल, बल आघूर्ण, वेग, त्वरण, विस्थापन, आवेग, संवेग, विद्युत क्षेत्र, चुंबकीय क्षेत्र आदि।

**(ii) अदिश राशियाँ (Scalar Quantity)**

- वे राशियाँ जिन्हें निरूपित करने के लिए केवल परिमाण की आवश्यकता होती है, दिशा की आवश्यकता नहीं होती है **'अदिश राशियाँ'** कहलाती हैं।

  जैसे- समय, दूरी, चाल, विद्युत विभव, विभवान्तर, विद्युत धारा, कार्य, ऊर्जा, ताप आदि अदिश राशियाँ हैं।

**मूल राशियाँ-**

- वे राशियाँ जो स्वतंत्र होती हैं अर्थात् जिन्हें व्यक्त करने के लिए अन्य राशियों की आवश्यकता नहीं होती है मूल राशियाँ कहलाती हैं।
- ताप, विद्युत धारा, समय, पदार्थ की मात्रा, ज्योति की तीव्रता, लंबाई/दूरी, द्रव्यमान मूल राशियाँ हैं।

## माप में सटीकता, शुद्धता, और त्रुटियाँ

### सटीकता और शुद्धता

सटीकता से तात्पर्य है कि मापित मान कितना निकट है वास्तविक या मानक मान के। उदाहरण के लिए, यदि आप प्रयोगशाला में किसी पदार्थ के लिए 3.2 किग्रा का वजन मापते हैं, लेकिन वास्तविक या ज्ञात वजन 10 किग्रा है, तो आपकी माप सटीक नहीं है।

शुद्धता से तात्पर्य है कि कितनी निकटता है दोहराए गए मापों के बीच (जो एक ही शर्तों के तहत दोहराए जाते हैं)। मान लें कि आप एक ही पदार्थ का पांच बार वजन करते हैं, और हर बार 3.2 किग्रा मिलता है, तो आपकी माप बहुत शुद्ध है। शुद्धता आपको माप की पुनरावृत्ति के बारे में बताती है।

सटीकता और शुद्धता के बीच अंतर समझने के लिए, एक तीरंदाजी लक्ष्य पर विचार करें। सटीकता का मतलब है लक्ष्य के केंद्र को हिट करना, जबकि शुद्धता का मतलब है लक्ष्य पर बार-बार एक ही स्थान को हिट करना, चाहे वह स्थान लक्ष्य

का केंद्र हो या नहीं। एक माप प्रणाली सटीक हो सकती है लेकिन शुद्ध नहीं, शुद्ध हो सकती है लेकिन सटीक नहीं, न तो हो सकती है, या दोनों हो सकती है।

उदाहरण के लिए, यदि किसी प्रयोग में एक व्यवस्थित त्रुटि होती है, तो नमूना आकार बढ़ाने से शुद्धता बढ़ती है लेकिन सटीकता में सुधार नहीं होता। परिणामस्वरूप, दोषपूर्ण प्रयोग से सुसंगत लेकिन गलत परिणामों की एक शृंखला प्राप्त होगी। व्यवस्थित त्रुटि को हटाने से सटीकता में सुधार होता है लेकिन शुद्धता में परिवर्तन नहीं होता।

## त्रुटि

किसी मात्रा का मापित मान आमतौर पर भौतिक मात्रा के वास्तविक मान से विचलित होता है। यह असमानता वास्तविक मान और मापित मान के बीच की विसंगति को त्रुटि कहते हैं, जिसे वास्तविक मान और मापित मान के अंतर के रूप में गणना की जाती है।

त्रुटि = वास्तविक मान – मापित मान।

## महत्वपूर्ण नियम

| वैज्ञानिक का नाम | संबंधित नियम |
|---|---|
| आर्किमिडीज | आर्किमिडीज का सिद्धांत |
| अमेडियो अवोगाद्रो | अवोगाद्रो का नियम |
| जॉर्ज साइमन ओम | ओम का नियम |
| चार्ल्स-अगस्टिन डी कूलंब | कूलंब का नियम |
| जोसेफ स्टीफन | स्टीफन का नियम |
| ब्लेज पास्कल | पास्कल का नियम |
| रॉबर्ट हुक | हुक का नियम |
| डैनियल बर्नौली | बर्नौली का सिद्धांत |
| रॉबर्ट बॉयल | बॉयल का नियम |
| जैक्स चार्ल्स | चार्ल्स का नियम |
| जोहानेस केपलर | केपलर का नियम |
| जॉन टिंडल | टिंडल प्रभाव |
| थॉमस ग्राहम | ग्राहम का नियम |

# अभ्यास प्रश्न

### अभ्यास प्रश्न (नवीनतम पैटर्न पर)

**1.** पदार्थ की मात्रा का S.I. मात्रक है:
(*a*) ग्राम (*b*) किलोग्राम
(*c*) पाउण्ड (*d*) मोल

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सी राशि 'मूल राशि' नहीं है?
(*a*) विद्युत धारा (*b*) समय
(*c*) ज्योति तीव्रता (*d*) बल

**3.** प्रकाश वर्ष निम्नलिखित में से किसका मात्रक है?
(*a*) दूरी (*b*) प्रकाश
(*c*) ज्योति तीव्रता (*d*) समय

**4.** एक पारसेक बराबर है:
(*a*) $9.46 \times 10^{-15}$ मीटर
(*b*) 3.26 प्रकाश वर्ष
(*c*) $3 \times 10^{16}$ प्रकाश वर्ष
(*d*) $3.26 \times 10^{15}$ मीटर

**5.** SI पद्धति किस पद्धति का ही संशोधित एवं परिवर्धित रूप है?
(*a*) MKS पद्धति (*b*) CGS पद्धति
(*c*) FPS पद्धति (*d*) उपर्युक्त सभी

**6.** वे राशियाँ जिन्हें निरूपित करने के लिए दिशा एवं परिणाम दोनों की आवश्यकता होती है, क्या कहलाता है?
(*a*) अदिश राशियाँ (*b*) सदिश राशियाँ
(*c*) (*a*) व (*b*) दोनों (*d*) उपर्युक्त सभी

**7.** दूरी मापने की सबसे बड़ी इकाई है?
(*a*) किलोमीटर (*b*) प्रकाश वर्ष
(*c*) पारसेक (*d*) मीटर

**8.** निम्नलिखित में से सदिश राशि का उदाहरण नहीं है:
(*a*) आवेग (*b*) विद्युत क्षेत्र
(*c*) बल आघूर्ण (*d*) विद्युत धारा

**9.** वे राशियाँ जिन्हें व्यक्त करने के लिए अन्य राशियों की आवश्यकता नहीं होती है, क्या कहलाती है?
(*a*) सदिश राशियाँ
(*b*) अदिश राशियाँ
(*c*) मूल राशियाँ
(*d*) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** अदिश राशि का उदाहरण है:
(*a*) विद्युत विभव (*b*) विभवान्तर
(*c*) चाल (*d*) उपर्युक्त सभी

**11.** निम्नलिखित में से कौन सी मात्रा एक सदिश राशि है?
(*a*) कार्य
(*b*) समय
(*c*) भार
(*d*) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** किसी निकाय पर किया गया कार्य .......... है।
(*a*) केवल एक सदिश राशि
(*b*) केवल एक अदिश राशि
(*c*) सदिश और अदिश दोनों
(*d*) इनमे से कोई भी नहीं

**13.** निम्नलिखित में से सदिश राशि की पहचान कीजिए?
(*a*) ऊष्मा (*b*) त्वरण
(*c*) कार्य (*d*) (*b*) और (*c*) दोनों

**14.** S.I. पद्धति के अनुसार कितने मूल मात्रक माने गये हैं?
(*a*) 4 (*b*) 7 (*c*) 5 (*d*) 9

**15.** विद्युत प्रतिरोध की मानक इकाई क्या है?
(*a*) वोल्ट (*b*) एम्पीअर
(*c*) ओम (*d*) जूल

**16.** निम्नलिखित में पदार्थ की मात्रा की इकाई कौन-सी है?
(*a*) अर्ग (*b*) मोल
(*c*) डाइन (*d*) न्यूटन

**17.** प्रकाश वर्ष क्या है?
(*a*) प्रकाश का मात्रक
(*b*) प्रकाश की तीव्रता का मात्रक
(*c*) प्रकाश तरंग का मात्रक
(*d*) दूरी का मात्रक

**18.** किसी तरंग की तरंगदैर्ध्य को किसमें मापा जाता है?

(*a*) मीटर (*b*) हर्ट्ज

(*c*) एंगस्ट्रोम (*d*) नैनोमीटर

**19.** निम्नलिखित में से कौन एक सदिश राशि नहीं है?

(*a*) गतिज उर्जा (*b*) संवेग

(*c*) त्वरण (*d*) वेग

**20.** निम्नलिखित में से कौन सी मात्रा प्रति इकाई क्षेत्र बल के रूप में व्यक्त की जाती है?

(*a*) काम (*b*) क्षेत्र

(*c*) मात्रा (*d*) दबाव

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा कोण का **SI** मात्रक है?

(*a*) डिग्री (*b*) रेडियन

(*c*) केल्विन (*d*) ओम

**22.** ध्वनि तीव्रता को किसमें मापा जाता है?

(*a*) ल्यूमेन (*b*) हर्ट्ज

(*c*) मैक संख्या (*d*) डेसीबल

**23.** 1 प्रकाशवर्ष निम्नलिखित में से किसके बराबर होते हैं?

(*a*) $10 \times 10^{12}$ m (*b*) $12 \times 10^{15}$ m

(*c*) $9.46 \times 10^{15}$ m (*d*) $8.73 \times 10^{15}$ m

**24.** 1 नैनोमीटर मे कितने मीटर होते हैं?

(*a*) $10^{-8}$ m (*b*) $10^{-10}$ m

(*c*) $10^{-12}$ m (*d*) $10^{-9}$ m

**25.** एक माइक्रोन = _______ cm

(*a*) 0.001 (*b*) 0.0001

(*c*) 0.01 (*d*) 0.00001

## विगत वर्षों के प्रश्न

**26.** निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है: **(RRB JE 2015)**

(*a*) डेसीबल – ध्वनि की इकाई

(*b*) अश्वशक्ति – शक्ति की इकाई

(*c*) समुद्री मील – दूरी की इकाई

(*d*) सेल्सियस – ऊष्मा की इकाई

**27.** एक मीटर में कुल कितने किलोमीटर होते हैं **[RRB ALP 2018]**

(*a*) 0.0001 (*b*) 0.1

(*c*) 0.001 (*d*) 0.01

**28.** विद्युत प्रवाह की अंतर्राष्ट्रीय मानक इकाई ....... ........ है। **[RRB ALP 2018]**

(*a*) माइक्रोएम्पियर (*b*) एम्पियर

(*c*) वोल्ट (*d*) मिलीएम्पियर

**29.** एक हॉर्सपॉवर किसके बराबर होती है? **[RRB ALP 2018]**

(*a*) 746 वॉट (*b*) 786 वॉट

(*c*) 768 वॉट (*d*) 764 वॉट

**30.** शक्ति की इकाई को क्या कहा जाता है? **[RRB ALP 2018]**

(*a*) वाट (*b*) जौल

(*c*) न्यूटन (*d*) पास्कल

**31.** निम्नलिखित में से कौन-सी भौतिक इकाई एक वस्तु की स्थिर या एक समान गतिशील स्थिति को बदलती है या बदलने का प्रयास करती है? **[RRB ALP 2018]**

(*a*) संवेग (*b*) द्रव्यमान

(*c*) बल (*d*) जड़त्व

**32.** निम्नलिखित में से किस की इकाई, ऊर्जा की इकाई के समान है? **[RRB ALP 2018]**

(*a*) शक्ति (*b*) घनत्व

(*c*) कार्य (*d*) बल

**33.** निम्नलिखित में से कौन-सी भौतिक राशि कार्य की दर कहलाती है? **[RRB ALP 2018]**

(*a*) शक्ति (*b*) संवेग (*c*) बल (*d*) ऊर्जा

**34.** एक वाट = ? **[RRB ALP 2018]**

(*a*) 1 अर्ग प्रति सेकंड

(*b*) 1 पास्कल प्रति सेकंड

(*c*) 1 मीटर प्रति सेकंड

(*d*) 1 जूल प्रति सेकंड

**35.** रिक्त स्थान में सबसे उपयुक्त विकल्प भरे। गुरुत्वाकर्षण सार्वभौमिक नियतांक है ............। **[RRB ALP 2018]**

(*a*) $6.67 \times 10^{10}$ न्यूटन-मी$^2$/किग्रा$^2$

(*b*) $6.76 \times 10^{-10}$ न्यूटन-मी$^2$/किग्रा$^2$

(*c*) $6.67 \times 10^{-11}$ न्यूटन-मी$^2$/किग्रा$^2$

(*d*) 9.8 न्यूटन-मी$^2$/किग्रा$^2$

**36.** भार का S.I इकाई क्या है? **[RRB ALP 2018]**

(*a*) किलोग्राम (*b*) न्यूटन

(*c*) ग्राम (*d*) डाइन

**37.** NTP पर गैस X के 10 ग्राम का आयतन 5.6 लीटर है। X का आणविक भार क्या है? **[RRB ALP 2018]**

(*a*) 40 (*b*) 60 (*c*) 50 (*d*) 20

**38.** एक नैनोमीटर क्या है? **[RRB ALP 2018]**

(*a*) $10^{-10}$ मीटर (*b*) $10^{-9}$ मीटर

(*c*) $10^{-11}$ मीटर (*d*) $10^{-8}$ मीटर

**39.** निम्नलिखित में से कौन फुट, इंच और यार्ड के समान है? **(RRB NTPC CBT-I 10 Jan 2021 S-2)**

(*a*) पौंड (*b*) चौथाई

(*c*) मील (*d*) ग्राम

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (*d*) | **2.** (*d*) | **3.** (*a*) | **4.** (*b*) | **5.** (*a*) | **6.** (*b*) | **7.** (*c*) | **8.** (*d*) | **9.** (*c*) | **10.** (*d*) |
| **11.** (*c*) | **12.** (*b*) | **13.** (*b*) | **14.** (*b*) | **15.** (*c*) | **16.** (*b*) | **17.** (*d*) | **18.** (*a*) | **19.** (*a*) | **20.** (*d*) |
| **21.** (*b*) | **22.** (*d*) | **23.** (*c*) | **24.** (*d*) | **25.** (*b*) | **26.** (*d*) | **27.** (*c*) | **28.** (*b*) | **29.** (*a*) | **30.** (*a*) |
| **31.** (*c*) | **32.** (*c*) | **33.** (*a*) | **34.** (*a*) | **35.** (*c*) | **36.** (*b*) | **37.** (*a*) | **38.** (*b*) | **39.** (*c*) | |

## स्पष्टीकरण

**26.** (*d*) सेल्सियस (डिग्री सेल्सियस) पैमाने का उपयोग तापमान मापने के लिए किया जाता है, न कि ऊष्मा को। ऊष्मा ऊर्जा का एक रूप है, जबकि तापमान किसी पदार्थ में कणों की औसत गतिज ऊर्जा का माप है। सेल्सियस पैमाने का उपयोग आमतौर पर तापमान माप के लिए किया जाता है, जिसमें 0°C जल के हिमांक को दर्शाता है और 100°C मानक वायुमंडलीय दाब पर पानी के क्वथनांक को दर्शाता है।

**39.** (*c*) मील-फुट, इंच और यार्ड के समान होता है। लंबाई मापन के बारे में:

1 फुट = 12 इंच

1 यार्ड = 3 फीट = 36 इंच

1 मील = 1,760 यार्ड = 5,280 फीट = 63,360 इंच

# भाग B – रसायन विज्ञान

अध्याय

1

# पदार्थ, परमाणु और अणु




## पदार्थ

वह संरचना जिसमें भार हो तथा वह स्थान घेरती है, पदार्थ कहलाती है।

**पदार्थों के अभिलक्षण**

- प्रत्येक पदार्थ का स्वयं का एक आयतन, द्रव्यमान एवं घनत्व होता है।
- प्रत्येक पदार्थ छोटे-छोटे कणों से मिलकर बना होता है, इन अवयवी कणों के मध्य अन्तराण्विक आकर्षण बल पाया जाता है।

**पदार्थ का वर्गीकरण**

**संगठन के आधार पर पदार्थ को दो भागों में बाँटा गया है-**

1. शुद्ध पदार्थ   2. मिश्रण

**शुद्ध पदार्थ**

- शुद्ध पदार्थ को दो भागों में विभाजित किया गया है-

**1. तत्त्वः-**

- ऐसा पदार्थ जिसमें सभी कण समान हो, अर्थात् एक ही प्रकार के कणों के समूह से बने होते हैं, तत्त्व कहलाते हैं।
- उदाहरणः- हाइड्रोजन, हीलियम, लीथियम आदि।
- तत्त्व धातु, अधातु या उपधातु किसी भी रूप में हो सकते हैं।
- आधुनिक आवर्त्त सारणी में 118 तत्त्वों को स्थान दिया गया है।

**तत्वों के विशिष्ट गुण**

**कठोरता (Hardness):** विभिन्न पदार्थ एक-दूसरे की तुलना में कम या अधिक कठोर होते हैं। कठोरता की माप मोह स्केल (Mohs Scale) द्वारा की जाती है। सर्वाधिक कठोर पदार्थ हीरा है। मोह स्केल पर इसकी कठोरता 10 है।

**आघातवर्धनीयता (Malleability):** कुछ ठोस पदार्थ पीटने पर टूटने के स्थान पर पतली चादर के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं। ठोसों में पाए जाने वाले इस गुण को आघातवर्धनीयता कहते हैं; जैसे - सोना, चांदी, तांबा आदि। सोना सर्वाधिक आघातवर्धनीय धातु है।

**तन्यता (Ductility):** कुछ धातुएँ सूत खींचे जाने पर पतले तार के रूप में परिवर्तित किये जा सकते हैं। पदार्थ के इस गुण को तन्यता कहते हैं।

**प्रत्यास्थता (Elasticity):** पदार्थ में वह गुण,जिसके द्वारा लगाये गये विरुपक बल का विरोध कर पुनः अपने स्वाभाविक अवस्था को प्राप्त कर लेते है प्रत्यास्थता कहते हैं।

**लचीलापन (Plasticity):** पदार्थ का वह गुण, जिसके कारण पदार्थ स्वाभाविक अवस्था में नहीं आ पाते, लचीलापन कहलाता है।

**भंगुरता (Brittleness):** वे पदार्थ जो बाहरी दबाव से टूटने पर छोटे-छोटे टुकड़ों में परिवर्तित हो जाते हैं, पदार्थ के इस गुण को भंगुरता कहा जाता है।

- **धातु (Metal):** प्रकृति में पारा को छोड़कर लगभग सभी धातुएँ ठोस अवस्था में पाई जाती हैं। पारा एक ऐसी धातु है, जो कि द्रव अवस्था में पाई जाती है। धातुओं के सामान्य गुण होते हैं - चालकता, तन्यता, अघातवर्धनियता, सुघट्यता आदि। अम्लो से क्रिया करके यह हाइड्रोजन गैस विस्थापित करती है। विभिन्न धातुओं को परस्पर मिलाने से बनने वाली धातु को मिश्र धातु कहते हैं।
- **अधातु (Non Metal):** धातुओं के विपरीत गुणों वाले तत्वों को अधातु कहते हैं। ये ठोस, द्रव एवं गैसीय अवस्थाओं में पाई जाती हैं। अधातु अधिकतर विद्युतीय कुचालक होती हैं।

**उदाहरणः** सल्फर, कार्बन आदि।

**उपधातु (Semimetal):** वे तत्व जो धातुओं एवं अधातुओं के बीच के गुण रखते हैं, उपधातु कहलाते हैं। जैसे - जर्मेनियम, आर्सेनिक, एंटीमनी आदि।

**2. यौगिकः-**

| मानव शरीर में विभिन्न तत्वों की औसत मात्रा | |
|---|---|
| **तत्व** | **औसत मात्रा** |
| ऑक्सीजन | 65% |
| कार्बन | 18% |
| हाइड्रोजन | 10% |
| नाइट्रोजन | 3% |
| कैल्शियम | 2% |
| फास्फोरस | 1% |
| पोटेशियम | .35% |
| सल्फर | .25% |
| सोडियम | .15% |
| क्लोरीन | -15% |
| मैग्नीशियम | .05% |
| लोहा | .0.4% |
| अन्य | .46% |

- जब दो या अधिक तत्त्वों के परमाणु आपस में निश्चित अनुपात में संयोग करके जिस अणु का निर्माण करते हैं, उसे यौगिक कहते हैं।

उदाहरणः जल ($H_2O$) तथा चीनी ($C_{12}H_{22}O_{11}$) आदि।

**यौगिक दो प्रकार के होते है:**

1. **कार्बनिक यौगिकः** कार्बन हाइड्रोजन के व्युत्पन्न इस श्रेणी में आते है।
2. **अकार्बनिक यौगिकः** हाइड्रोकार्बन को छोड़कर शेष सभी यौगिक इसके अंतर्गत आते है।

## मिश्रण

- जब दो या दो से अधिक पदार्थ परस्पर मिलाए जाएँ एवं उनके मध्य कोई रासायनिक क्रिया न हो तो उसे मिश्रण कहते हैं।
- मिश्रण को दो भागों में विभक्त किया गया है-

# अभ्यास प्रश्न

## अभ्यास प्रश्न ( नवीनतम पैटर्न पर )

**1.** ऐसे पदार्थ जो एक ही प्रकार के कणों के समूह से बने होते हैं, क्या कहलाते हैं?
(*a*) तत्त्व (*b*) यौगिक
(*c*) मिश्रण (*d*) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक का उदाहरण नहीं है?
(*a*) HCl (*b*) $NO_2$
(*c*) जल (*d*) पीतल

**3.** समांगी मिश्रण का उदाहरण नहीं है:
(*a*) जल तथा एल्कोहॉल
(*b*) काँसा
(*c*) जल तथा नमक
(*d*) जल तथा तेल

**4.** ऐसा मिश्रण जिसके घटक पदार्थों के क्वथनांकों में पर्याप्त अंतर नहीं होने पर उसे किस विधि द्वारा पृथक किया जाता है?
(*a*) निस्यंदन (*b*) भाप आसवन
(*c*) प्रभाजी आसवन (*d*) क्रिस्टलीकरण

**5.** आसुत जल (Distilled Water) को किस विधि द्वारा तैयार किया जाता है?
(*a*) भाप आसवन (*b*) आसवन
(*c*) प्रभाजी आसवन (*d*) निस्यंदन

**6.** कच्चे तेल का शुद्धीकरण किस पृथक्करण विधि द्वारा किया जाता है?
(*a*) रवाकरण (*b*) आसवन
(*c*) प्रभाजी आसवन (*d*) निस्यंदन

**7.** प्लाज्मा अवस्था की खोज करने वाले वैज्ञानिक थे?
(*a*) अल्टमान (*b*) फ्रांसिस क्रिक
(*c*) इरविंग लैंगमुइर (*d*) विलियम क्रूक्स

**8.** पदार्थ की वह अवस्था जिसमें आकार व आयतन निश्चित होते हैं-
(*a*) ठोस (*b*) द्रव
(*c*) गैस (*d*) प्लाज्मा

**9.** जब किसी गैस को परम शून्य ताप, अति उच्च दाब पर गर्म करने तथा उच्च वोल्टता प्रदान करने पर पदार्थ की कौन-सी अवस्था प्राप्त होती है?
(*a*) प्लाज्मा
(*b*) बोस-आइन्स्टीन-कन्डन्सेट
(*c*) गैस
(*d*) द्रव

**10.** निम्नलिखित में से असंगत युग्म छाँटिए:
(*a*) गलन - बर्फ का पानी में परिवर्तन
(*b*) संघनन - द्रव का गैस में परिवर्तन
(*c*) निक्षेपण - गैस का ठोस में परिवर्तन
(*d*) हिमन - पानी का बर्फ में परिवर्तन।

**11.** एक छात्र ने गलती से एल्कोहॉल के साथ एसीटोन मिला दिया। एसीटोन और एल्कोहॉल के मिश्रण को __________ द्वारा पृथक किया जा सकता है।
(*a*) ऊर्ध्वपातन
(*b*) प्रभाजी आसवन
(*c*) क्रिस्टलीकरण
(*d*) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** निम्नलिखित में से कौन सा भौतिक परिवर्तन है?
(*a*) बर्फ का पिघलना
(*b*) दूध से दही बनना
(*c*) फलों का पकना
(*d*) अंगूरों का किण्वन होना

**13.** बर्फ का गलनांक क्या है?
(*a*) – 273 C (*b*) 273 K
(*c*) 273 C (*d*) – 273 K

**14.** फारेनहाइट में पानी का क्वथनांक क्या है?
(*a*) 100°F (*b*) 32°F
(*c*) 212°F (*d*) 0°F

**15.** जब **1** लीटर जल को **4°C** से **0°C** तक ठंडा किया जाता है, तो इसका आयतन ______ ।
(*a*) पहले घटता है फिर बढ़ जाता है
(*b*) समान रहता है
(*c*) बढ़ता है
(*d*) घटता है

**16.** उन कणों का नाम बताइए, जो पदार्थ बनाते हैं।
(*a*) परमाणु (*b*) धातुएँ
(*c*) उपधातु (*d*) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** तरल पदार्थों के बीच ऊष्मा का सबसे अच्छा चालक है:
(*a*) अल्कोहॉल (*b*) ईथर
(*c*) पारा (*d*) जल

**18.** जल एक यौगिक है, क्योंकि:
(*a*) यह ठोस, द्रव और गैस तीनो रूपों में पाया जाता है
(*b*) इसमे हाइड्रोजन और ऑक्सीजन होती है
(*c*) इसमे रासायनिक बंधो से जुड़े दो भिन्न तत्व होते है
(*d*) यह रासायनिक स्थानों द्वारा दो सरल पदार्थो में तोड़ा जा सकता है

**19.** कौन सा पदार्थ प्रकृति में तीनो अवस्थाओं में पाया जाता है?
(*a*) पानी
(*b*) हाइड्रोजनपरऑक्साइड
(*c*) अमोनिया
(*d*) सल्फर डाइऑक्साइड

**20.** पदार्थ के चतुर्थ अवस्था है:
(*a*) ठोस (*b*) तरल
(*c*) प्लाज्मा (*d*) गैस

**21.** बारूद होता है:
(*a*) तत्व (*b*) यौगिक
(*c*) मिश्रण (*d*) तरल

**22.** 'विश्व का प्रत्येक पदार्थ अत्यंत सूक्ष्म कणों से मिलकर से बना होता है' यह सर्वप्रथम किसने कहा था:
(*a*) डॉल्टन ने (*b*) कणाद ने
(*c*) रदरफोर्ड ने (*d*) मोसले ने

**23.** दो या दो से अथिक शुद्ध पदार्थों के मात्र के विचार से एक निश्चित अनुपात में संयोग करने से बना पदार्थ कहलाता है
(*a*) तत्व (*b*) यौगिक
(*c*) मिश्रण (*d*) ठोस

**24.** किस तकनीक से समुद्र के पानी से नमक प्राप्त होता है?
(*a*) निस्पंदन (Filtration)
(*b*) आसवन (Distillation)
(*c*) वाष्पीकरण (Evaporation)
(*d*) क्रोमैटोग्राफी (Chromatography)

**25.** शुष्कता के लिए वाष्पीकरण की तुलना में क्रिस्टलीकरण (crystallization) एक बेहतर तकनीक क्यों है?
(*a*) ठोस का अपघटन जगह लेता है
(*b*) अशुद्धियां हट जाती हैं
(*c*) ठोस चार्ज हो जाता है
(*d*) उपरोक्त सभी

**26.** निम्नलिखित में से किसने परमाणु शब्द दिया?
(*a*) डॉल्टन (*b*) थॉमसन
(*c*) रदरफोर्ड (*d*) नील्स बोर

**27.** किसी परमाणु के नाभिक में उपस्थित प्रोटॉनों की संख्या क्या कहलाती है?
(*a*) परमाणु द्रव्यमान (*b*) परमाणु भार
(*c*) परमाणु क्रमांक (*d*) द्रव्यमान

**28.** न्यूट्रॉन की खोज किसने की?
(*a*) थॉमसन (*b*) डॉल्टन
(*c*) गोल्ड स्टीन (*d*) जेम्स चैडविक

**29.** किसी परमाणु के नाभिक में उपस्थित प्रोटॉनों व न्यूट्रॉनों की संख्या का योग क्या कहलाती है?
(*a*) परमाणु क्रमांक
(*b*) परमाणु द्रव्यमान
(*c*) परमाणु भार
(*d*) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**63.** जब क्रियात्मक, क्रियाफल तथा उत्प्रेरक की प्रावस्था समान हो तो अभिक्रिया कहलाती है:
(*a*) विषमांगी उत्प्रेरण अभिक्रिया
(*b*) समांगी उत्प्रेरण अभिक्रिया
(*c*) पश्चगामी अभिक्रिया
(*d*) अग्रगामी अभिक्रिया

**64.** दी गई अभिक्रियाओं में से कौन-सी अभिक्रिया संयोजन अभिक्रिया के विपरीत है?
(*a*) विघटन (*b*) अवक्षेपण
(*c*) प्रतिस्थापन (*d*) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**65.** धातु अम्ल अभिक्रिया में निम्नलिखित में से कौन सी गैस उत्पन्न होती है?
(*a*) कोई गैस उत्पन्न नहीं होती है
(*b*) अम्ल पर निर्भर करता है
(*c*) ऑक्सीजन
(*d*) हाइड्रोजन

**66.** $CO_2$ जब अधिक मात्रा में प्रवाहित किया जाता है तो चूने का पानी फिर से रंगहीन हो जाता है, इसका कारण है–
(*a*) कैल्शियम कार्बोनेट
(*b*) कैल्शियम बाइकार्बोनेट
(*c*) कैल्शियम क्लोराइड
(*d*) कॉपर कार्बोनेट

**67.** निम्नलिखित रासायनिक अभिक्रिया किस श्रेणी की अभिक्रियाओं से संबंधित है?
$NaCl_{(aq)} + AgNO3_{(aq)} \rightarrow NaNO3_{(aq)} + AgCl_{(s)}$
(*a*) द्विविस्थापन अभिक्रिया
(*b*) रेडॉक्स अभिक्रिया
(*c*) विस्थापन अभिक्रिया
(*d*) संयोजन अभिक्रिया

**68.** प्लास्टर ऑफ पेरिस का रासायनिक सूत्र क्या है?
(*a*) $CaSO_4$ (*b*) $CaSO_4.2H_2O$
(*c*) $CaSO_4.1/2\ H_2O$ (*d*) $CaSO_4.H_2O$

**69.** पोटेशियम परमैंगनेट का उपयोग पानी को शुद्ध करने के लिए किया जाता है, क्योंकि यह
(*a*) रोगाणुमुक्त करता है
(*b*) ऑक्सीकरण करता है
(*c*) अपचयन करता है
(*d*) निक्षालन करता है

**70.** क्लोरीन की विरंजन क्रिया ______ द्वारा होती है।
(*a*) अपघटन (*b*) जल-अपघटन
(*c*) अपचयन (*d*) ऑक्सीकरण

**71.** रासायनिक परिवर्तन की विशेषता नहीं है:
(*a*) रासायनिक परिवर्तन स्थायी होते है।
(*b*) रासायनिक परिवर्तन अनुत्क्रमणीय होते है।
(*c*) रासायनिक परिवर्तन से नये पदार्थों का निर्माण होता है।
(*d*) रासायनिक परिवर्तन में पदार्थ के रासायनिक गुण अपरिवर्तित रहते हैं।

**72.** निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ का भौतिक गुण नहीं है?
(*a*) आयतन (*b*) घनत्व
(*c*) अम्लीयता (*d*) द्रव्यमान

**73.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक भौतिक परिवर्तन नहीं है?
(*a*) लोहे का चुम्बक में बदलना
(*b*) कोयले का हीरे में परिवर्तन
(*c*) धातुओं का पिघलना
(*d*) हाथों पर मेहंदी का रचना

**74.** मोमबत्ती का जलना किस प्रकार का परिवर्तन है?
(*a*) भौतिक परिवर्तन (*b*) रासायनिक परिवर्तन
(*c*) (*a*) व (*b*) दोनों (*d*) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**75.** निम्नलिखित में से रासायनिक परिवर्तन का/के उदाहरण है–
(*a*) भोजन का पकना (*b*) धातुओं का संक्षारण
(*c*) किण्वन (*d*) उपर्युक्त सभी

## विगत वर्षों के प्रश्न

**76.** दही को उसमें मौजूद जल से अलग करने के लिए आप किस विधि का उपयोग करेंगे? **(RRB JE 2015)**
(*a*) आसवन (*b*) क्रिस्टलीकरण
(*c*) निस्यंदन (*d*) निस्सारण

**77.** निकाय केंद्रित घन क्रिस्टल संरचना में परमाणुओं की संख्या होती है: **(RRB JE 2015)**
(*a*) 1 (*b*) 2 (*c*) 3 (*d*) 4

**78.** निम्नलिखित समीकरण में X का मान क्या है?
$MnO_2 + XHCI \rightarrow MnCl_2 + 2H_2O + Cl_2$ **(RRB JE 2015)**
(*a*) 2 (*b*) 3 (*c*) 4 (*d*) 5

**79.** एक त्रिसंयोजक धातु "M" को नाइट्रोजन के साथ अभिक्रिया करके 0.5 मोल धातु नाइट्राइड प्राप्त करने के लिए बनाया गया था। इस अभिक्रिया के उत्पाद के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा सही कथन है? अभिक्रिया उत्पाद में शामिल हैं: **(RRB JE 2015)**
(*a*) सूत्र $M_3N$ के ऑक्साइड के $3.0165 \times 10^{23}$ अणु
(*b*) सूत्र $M_3N_2$ के ऑक्साइड के $3.0165 \times 10^{23}$ अणु
(*c*) सूत्र $M_3N$ के ऑक्साइड के $3.0165 \times 10^{11.5}$ अणु
(*d*) सूत्र MN के ऑक्साइड के $3.0165 \times 10^{11.5}$ अणु

**80.** किस तत्व में संयोजी इलेक्ट्रॉनों की संख्या सबसे कम होती है? **(RRB JE 2015)**
(*a*) क्लोरीन (*b*) सोडियम
(*c*) फ्लोरीन (*d*) ऑक्सीजन

**81.** ब्लीचिंग पाउडर किसके बीच अभिक्रिया के माध्यम से निर्मित होता है: **(RRB JE 2015)**
(*a*) परतदार चूना और क्लोरीन
(*b*) क्विकलाइम और क्लोरीन
(*c*) वाशिंग सोडा और अमोनिया
(*d*) बेकिंग सोडा और आयोडीन

**82.** सतही जल में घुली हुई गैसों के कारण स्वाद और गंध की उपस्थिति को किसके द्वारा दूर किया जा सकता है? **(RRB JE 2015)**
(*a*) निस्यंदन (*b*) अवक्षेपण
(*c*) वातन (*d*) कीटाणुशोधन

**83.** बायोगैस बायोमास से किस प्रक्रिया के माध्यम से उत्पन्न होती है **[RRB ALP 2018]**
(*a*) प्रभाजी आसवन
(*b*) विनाशकारी आसवन
(*c*) शुष्क आसवन
(*d*) अवायवीय किण्वन

**84.** निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने पदार्थों की पांचवीं अवस्था के लिए कुछ गणना की थी? **[RRB ALP 2018]**
(*a*) होमी भाभा (*b*) विक्रम साराभाई
(*c*) सी.वी. रमन (*d*) सत्येंद्रनाथ बोस

**85.** दो या अधिक तत्वों के योग से बनता है। **[RRB ALP 2018]**
(*a*) संयोजकता (*b*) मूलक
(*c*) परमाणु (*d*) यौगिक

**86.** कार्बन (सी-12) के एक मोल में कितने परमाणु होंगे? **[RRB ALP 2018]**
(*a*) $6.02 \times 10^{26}$ (*b*) $6.02 \times 10^{23}$
(*c*) $8.06 \times 10^{20}$ (*d*) $60.20 \times 10^{26}$

**87.** नाइट्रोजन परमाणु में उपस्थित न्यूट्रॉनों की संख्या कितनी है? **[RRB ALP 2018]**
(*a*) 5 (*b*) 7 (*c*) 14 (*d*) 11

**88.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है? **[RRB ALP 2018]**
(*a*) पदार्थों के कण स्थिर अवस्था में होते हैं।
(*b*) पदार्थों के कण एक दूसरे को आकर्षित करते हैं।
(*c*) पदार्थ के कणों के बीच में रिक्त स्थान हैं।
(*d*) पदार्थ के कण बहुत छोटे होते हैं।

**89.** $SnCl_2 + 2HgCl_2 \rightarrow Hg_2Cl_2 + SnCl_4$ उपरोक्त अभिक्रिया में: **[RRB ALP 2018]**
(*a*) $HgCl_2$ ऑक्सीकृत हो जाता है।
